रंग रंगीला खाटू का मेला | by Toshi Kaur

रंग गुलाल की महके खुशबू मौसम रंग रंगीला
लो आ गया मेला हो .....लो आ गया मेला
सज धज के मेरा सेठ सांवरा लगता छैल छबीला
लो आ गया मेला हो .....लो आ गया मेला

लहराते श्याम ध्वजा है लगता है नज़ारा प्यारा
हर तरफ सुनाई देता मेरे श्याम का ही जयकारा
जिधर भी देखो हवा में उड़ता है रंग नीला पीला
लो आ गया मेला हो .....लो आ गया मेला

मेरे श्याम के प्यार में पागल हो जग सारा मतवाला
पैदल चलने वालों के संग चलता खाटूवाला
छम छम घुँघरू पाँव के बजते टाप रखे जब लीला
लो आ गया मेला हो .....लो आ गया मेला

रंगीन हुई भक्तों से देखो खाटू की गलियां
बाबा संग खेलन होली उमड़ी है सारी दुनिया
कुंदन श्याम का मंदिर प्रांगण सज के लगे सजीला
लो आ गया मेला हो .....लो आ गया मेला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-toshi-kaur/